न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर पीलीबंगा

पीठासीन अधिकारी :– अमिता बिश्नोई आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या :– 08/2024

प्रविन्द्र कौर उर्फ प्रीतमपालकौर उम्र 50 वर्ष पुत्री इन्द्राजसिंह पत्नी जगराजसिंह, जाति जटसिख, साकिन चक 10 क्यू पोस्ट ऑफिस संगतपुरा, तहसील व जिला श्रीगांगनगर,राजस्थान।

––प्रार्थीया

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व पीलीबंगा, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़।

––अप्रार्थी

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट ::–

–:: उपस्थित अभिभाषकगण ::–

1. श्री महेन्द्र सैन अधिवक्ता –– प्रार्थीया
2. राजपैरोकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) पीलीबंगा। –– अप्रार्थी

–:: निर्णय :–

दिनांक:–19-06-24

प्रार्थना पत्र मार्फत अधिवक्ता श्री महेन्द्र सैन द्वारा दिनांक 05.01.2024 को प्रस्तुत किया गया प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षेप में है कि प्रार्थीया एवं अप्रार्थी का पंजीकृत एवं प्रमाणित पता वही है जो प्रार्थना पत्र के शीर्षक में अकित है। यह कि प्रार्थीया के नाम कृषि भूमि तहसील पीलीबंगा के चक 36 एमओडी के खाता सं. 401/465 के प.न. 47/252 (10) के किला नं. 1, 2, 3, 8 ता 13, 18 ता 23 की कुल तादादी 3.795 हैक. नहरी खातेदारी दर्ज रिकार्ड वाके है। जिसमें प्रार्थीया का नाम वीरपालकोर दर्ज है। यह कि प्रार्थना पत्र की दफा 2 में वर्णित कृषि भूमि की जमाबंदी में प्रार्थीया का नाम सहवन से वीरपालकोर दर्ज है। प्रार्थीया का सही नाम प्रविन्द्र कौर उर्फ प्रीतमपालकोर है। लेकिन प्रार्थीया की शादी से पूर्व प्रार्थीया का नाम वीरपालकोर था और शादी के पश्चात सिख रिति रिवाज के अनुसार प्रार्थीया का नाम ससुराल पक्ष द्वारा वीरपालकोर से बदलकर प्रविन्द्रकौर कर दिया और इस कारण शादी के पश्चात प्रार्थीया के समस्त दस्तावेज में प्रार्थीया का नाम प्रविन्द्रकोर दर्ज है। प्रार्थीया के पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पास बुक आदि में प्रार्थीया का नाम प्रविन्द्र कौर उर्फ प्रीतमपालकौर अकिंत हो गया, जो सही व सत्य है। यह कि प्रार्थीया का नाम प्रार्थना पत्र की दफा 2 में वर्णित कृषि भूमि में वीरपालकोर दर्ज होने के कारण प्रार्थीया को केसीसी ऋण लेने, कृषि भूमि में टयुबवैल पर विद्युत कनैक्शन लेने आदि अन्य सुविधांए लेने में काफी परेशानी होती है। इसलिये प्रार्थीया अपना नाम वीरपालकोर के स्थान पर प्रविन्द्र कौर उर्फ प्रीतमपालकौर दर्ज करवाने की हकदार है। यह कि अप्रार्थी जो कि भू धारक है तथा उक्त रिकार्ड की दुरूस्ती अप्रार्थी द्वारा ही की जानी है इस कारण पक्षकार बनाया गया है। यह कि प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय के क्षेत्राधिकार का है जो उचित न्याय शुल्क पर अन्दर मियाद प्रस्तुत है।अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है तहसील पीलीबंगा के चक 36 एमओडी के खाता सं. 401/465 के प.न. 47/252 (10) के किला नं. 1, 2, 3, 8 ता 13, 18 ता 23 की कुल तादादी 3.795 हैक. नहरी खातेदारी के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीया का नाम वीरपालकोर के स्थान पर प्रविन्द्र कौर उर्फ प्रीतमपालकौर दर्ज करने के आदेश फरमाये जावे निवेदन किया गया है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Amita Bishnoi
Date: 2024.06.21 10:38:57 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण सरिस्ता रिपोर्ट [illegible] जिस्टर किया गया एवं वास्ते रिपोर्ट तहसीलदार पत्र जारी किया गया प्रकरण में [illegible] क्रमांक 889 दिनांक 06.02.24 से प्राप्त हुई है मुताबिक रिपोर्ट तहसील[illegible] 401 प.न. 47/252(10) के कि.न. । ता 3, 8 ता 13, 18 ता 23 [illegible] कुल 3.795 है। [illegible] कृषि भूमि मुताबिक जमा[illegible] 2076–2079 वीरपालकौर पुत्री इन्द्राजसिंह जाति जटसिख सा[illegible] जोड़कियां खातेदार दर्ज [illegible]। प्रार्थीया के सभी दस्तावेजों में प्रविन्द्रकौर उर्फ प्रीतमपालकौर नाम दर्ज है। वीरपालकौर व प्रविन्द्रकौर दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है।

सहायक कलक्टर एव
उपखण्ड अधिकारी पीलीबंगा

—:आदेश:—

बहस अधिवक्ता सुनी गई पत्रावली अवलोकन व संलग्न दस्तावेजों शपथ पत्र अवलोकन व तहसीलदार पीलीबंगा रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र साबित होने पर स्वीकार किया जाता है। तहसील पीलीबंगा के चक 36 एमओडी के खाता सं. 401/465 के प.न. 47/252 (10) कुल तादादी 3.795 हैव. नहरी खातेदारी के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीया का नाम वीरपालकोर के स्थान पर प्रविन्द्र कौर उर्फ प्रीतमपालकौर दर्ज करने के आदेश फरमाये जाते है।

तहसीलदार राजस्व पीलीबंगा को आदेशित किया जाता है कि इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में अमलदरामद किया जावे। भूमि की किस्म यथा नहरी/बारानी/गैरमुमकिन/गैर खातेदार पूर्वानुसार ही रहेगी जिमसें किसी प्रकार का कोई बदलाव नही किया जावेगा। दिनांक 19-06-24 को निर्णय सरे ईजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसला होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(अमिता बिश्नोई आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी सक्षम एवं
पदेन सहायक कलक्टर
पीलीबंगा

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी पीलीबंगा

Signature Not Verified

Digitally signed by Amita Bishnoi
Date: 2024.06.21 10:38:57 IST
Reason: SelfAttested